चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 07-03-25 | 2 | 6 |

# The Tribune

## Hisar agri university VC gets lifetime achievement award

HISAR, MARCH 6

The International Foundation for Sustainable Development in Africa and Asia (IFSDDA) has honoured Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) Vice-Chancellor BR Kamboj with the lifetime achievement award. This award recognises his contributions to agricultural research, education and extension. The HAU VC was conferred the award under the joint aegis of IFSDDA, Germany; the African-Asian Studies Promotion Association, Mahatma Gandhi House, Göttingen, Germany; and SSARM.

Kamboj, who has been serving as the Vice-Chancellor of the varsity since April 16, 2021, has previously held various key positions — including HAU Registrar, and acting Vice-Chancellor, Guru Jambheshwar University of Science and Technology. His contributions to agriculture have also earned him the MS Swaminathan Award. HAU has received the 'A+' grade by the National Agricultural Education Accreditation Board (NAEB) under ICAR during his tenure as VC.

The university has been ranked 3rd among agricultural universities and 7th among institutions in the National Institutional Ranking Framework (NIRF)-2024. HAU scientists have developed and approved 50 new crop varieties in recent years. — TNS

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 07.03.25 | 3 | 2-6 |

# हाई जंप प्रतियोगिता में समीर व पूजा प्रथम

## वीसी ने किया वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ, कहा- चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में 52वीं वार्षिक एथलीट मीट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा किया जा रहा है।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है, जिससे हमारा सर्वांगीण विकास होता है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों में अनुशासन एवं भाईचारे की भावना कायम होती है। खेलों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत करके ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों के समग्र विकास की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए बताया कि खेल और शारीरिक गतिविधियां मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है।



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान गिरी सेंटर में ऊंची कूद में भाग लेती छात्रा • जागरण



हकृवि की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान गिरी सेंटर में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज • जागरण

### प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे

• 800 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) : मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के छात्र अंकित प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल के मंदीप द्वितीय व विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

• 800 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) : कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा प्रीति प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल की अशमीता द्वितीय तथा कृषि महाविद्यालय हिसार की कामना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

• हाई जंप (पुरुष वर्ग) : कृषि महाविद्यालय हिसार के समीर प्रथम, कृषि महाविद्यालय कौल के अमन बिश्नोई द्वितीय व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

• हाई जंप (महिला वर्ग) : मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा पूजा प्रथम, कृषि महाविद्यालय हिसार की आविशी द्वितीय व कृषि महाविद्यालय हिसार की मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही।

• शाटपुट (महिला वर्ग) कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा संगीता प्रथम, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा ज्योति द्वितीय व कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही।

• सैक रेस (महिला वर्ग) : सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा ज्योति प्रथम, कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा आविशी द्वितीय व कृषि महाविद्यालय बावल की छात्रा रिया तृतीय स्थान प्राप्त किया।

• डिस्कस थ्रो (पुरूष वर्ग) : कृषि महाविद्यालय हिसार के छात्र रवि गौतम प्रथम, कृषि महाविद्यालय कौल के विनय कुमार द्वितीय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन खीचड़ ने बताया कि दो दिवसीय इस एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद व ऊंची कूद, जैवलिन थ्रो सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। मंच का संचालन सह छात्र कल्याण निदेशक डा. सुशील लेगा ने किया।



हकृवि की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान गिरी सेंटर में 800 मीटर की दौड़ में भाग लेती छात्राएं • जागरण

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 07.02.25 | 3 | 7-8 |

**सिटी स्पोर्ट्स** एचएयू में एथलेटिक मीट शुरू

# 800 मीटर दौड़ में अंकित और प्रीति ने पाया पहला स्थान



भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि कॉलेज के गिरी सेंटर में 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में एचएयू वीसी प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि रहे। इस प्रतियोगिता में एचएयू के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

कुलपति प्रो. बी. आर. कांबोज ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है, जिससे हमारा सर्वांगिण विकास होता है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड्यिों में अनुशासन एवं भाईचारे की भावना कायम होती है।800 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग में): मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कॉलेज के छात्र अंकित प्रथम, कृषि कॉलेज बावल के मंदीप द्वितीय व विकास ने तृतीय स्थान पाया। 800 मीटर दौड़ (महिला वर्ग में): कृषि कॉलेज हिसार की छात्रा प्रीति प्रथम, कृषि कॉलेज बावल की अशमीता द्वितीय तथा कृषि कॉलेज हिसार की कामना ने तृतीय स्थान पाया। हाई जंप (पुरुष वर्ग में): कृषि कॉलेज हिसार के समीर प्रथम, कृषि कॉलेज कौल के अमन बिश्नोई द्वितीय व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी कॉलेज के हर्ष ने तृतीय स्थान पाया। हाई जंप (महिला वर्ग में): मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कॉलेज की छात्रा पूजा प्रथम, कृषि कॉलेज हिसार की आविशी द्वितीय व कृषि कॉलेज हिसार की मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही। शॉटपुट (महिला वर्ग में) कृषि कॉलेज हिसार की छात्रा संगीता प्रथम, सामुदायिक विज्ञान कॉलेज की छात्रा ज्योति द्वितीय व कृषि कॉलेज हिसार की छात्रा मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही। सैक रेस (महिला वर्ग में): सामुदायिक विज्ञान कॉलेज की छात्रा ज्योति प्रथम, कृषि कॉलेज हिसार की छात्रा आविशी द्वितीय रही।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 07.03.25 | 5 | 1-5 |

# प्रतिस्पर्धा और चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी : प्रो. काम्बोज

## * हकृवि में 52वीं वार्षिक एथलैटिक्स मीट का शुभारंभ

हिसार, 6 मार्च (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा किया जा रहा है। कुलपति प्रो. बी. आर. कांबोज ने अपने संबोधन में खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है, जिससे हमारा सर्वांगिण विकास होता है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाडियों में अनुशासन एवं भाईचारे की भावना कायम होती है। खेलों से खिलाडियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत करके ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों के समग्र विकास की आवश्यकता को रेखाकिंत करते हुए बताया कि खेल और शारिरिक गतिविधियां मानसिक और शारिरिक विकास के लिए आवश्यक हैं। विश्वविद्यालय के खिलाडियों को विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं ताकि वे और अधिक मेहनत करके बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सकें। विश्वविद्यालय ने सदैव शिक्षा, शोध, नवाचार,विस्तार, खेलकूद सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करके प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि दो दिवसीय इस एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद व ऊंची कूद, जैवलिन थ्रो सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। 800 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग में): मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के छात्र अंकित प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल के मंदीप द्वितीय व विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ (महिला वर्ग में): कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा प्रीति प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल की अशमीता द्वितीय तथा कृषि महाविद्यालय हिसार की कामना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप (पुरुष वर्ग में): कृषि महाविद्यालय हिसार के समीर प्रथम, कृषि महाविद्यालय कौल के अमन बिश्नोई द्वितीय व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप (महिला वर्ग में)= मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा पूजा प्रथम, कृषि महाविद्यालय हिसार की आविशी द्वितीय व कृषि महाविद्यालय हिसार की मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही। शॉटपुट (महिला वर्ग में) कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा संगीता प्रथम, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा ज्योति द्वितीय व कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही। सैक रेस (महिला वर्ग में)= सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा ज्योति प्रथम, कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा आविशी द्वितीय व कृषि महाविद्यालय बावल की छात्रा रिया तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो (पुरूष वर्ग में)= कृषि महाविद्यालय हिसार के छात्र रवि गौतम प्रथम, कृषि महाविद्यालय कौल के विनय कुमार द्वितीय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाडियों को सम्मानित भी किया। मंच का संचालन सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित इससे जुड़े समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, वैज्ञानिकगण सहित काफी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।



कुलपति के साथ विजेता खिलाड़ी।

हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 07.03.25 | 4 | 1-3 |



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मार्चपास्ट की सलामी लेते हुए।

# हकृवि में 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ

## प्रतिस्पर्धा और चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी: प्रो.काम्बोज

हिसार, 6 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में 52 वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा किया जा रहा है।

कुलपति प्रो. बी. आर. कांबोज ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है, जिससे हमारा सर्वांगिण विकास होता है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों में अनुशासन एवं भाईचारे की भावना कायम होती है।

खेलों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत करके ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि दो दिवसीय इस एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद व ऊंची कूद, जेवलिन थ्रो सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ (पुरूष वर्ग में): मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के छात्र अंकित प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल के मंदीप द्वितीय व विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ (महिला वर्ग में): कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा प्रीति प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल की अशमीता द्वितीय तथा कृषि महाविद्यालय हिसार की कामना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कुलपति के साथ विजेता खिलाड़ी।

हाई जंप (पुरूष वर्ग में): कृषि महाविद्यालय हिसार के समीर प्रथम, कृषि महाविद्यालय कौल के अमन बिश्नोई द्वितीय व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप (महिला वर्ग में): मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा पूजा प्रथम, कृषि महाविद्यालय हिसार की आविशी द्वितीय व कृषि महाविद्यालय हिसार की मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही। शॉटपुट (महिला वर्ग में) कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा संगीता प्रथम, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा ज्योति द्वितीय व कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रही।



खेल स्पर्धा में हिस्सा लेते हुए विद्यार्थी।

सैक रेस (महिला वर्ग में): सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा ज्योति प्रथम, कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा आविशी द्वितीय व कृषि महाविद्यालय बावल की छात्रा रिया तृतीय स्थान प्राप्त किया।

डिस्कस थ्रो (पुरूष वर्ग में): कृषि महाविद्यालय हिसार के छात्र रवि गौतम प्रथम, कृषि महाविद्यालय कौल के विनय कुमार द्वितीय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। मंच का संचालन सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा किया।

हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 07.03.25 | 4 | 3-8 |

# 800 मीटर दौड़ में अंकित-प्रीति और ऊंची कूद में पूजा ने मारी बाजी

## एचएयू में 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट, वीसी प्रो. कांबोज बोले- चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी



**लड़खड़ाई** दौड़ के दौरान एक छात्रा लड़खड़ा गई। संवाद



**गिरी** छात्रा लड़खड़ाकर गिरने के बाद अपना चश्मा उठाते हुए। संवाद



**जज्बा** और फिर उठकर दौड़ने लगी। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में वीरवार को दो दिवसीय 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। इस दौरान 800 मीटर दौड़ में अंकित और प्रीति जबकि ऊंची कूद में पूजा और समीर ने बाजी मारी।

प्रो. कांबोज ने नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों के समग्र विकास की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए बताया कि खेल और शारीरिक गतिविधियां मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़ ने बताया कि मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मंच का संचालन सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा किया।



एचएयू में कुलपति के साथ विजेता खिलाड़ी। स्रोत : संस्थान

**■ दो दिवसीय प्रतियोगिता में आज भी होंगे रोचक मुकाबले**

### ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

800 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग में) : अंकित प्रथम, मंदीप द्वितीय व विकास तृतीय।

800 मीटर दौड़ (महिला वर्ग में) : प्रीति प्रथम, अशमिता द्वितीय और कामना तृतीय।

हाई जंप (पुरुष वर्ग में) : समीर प्रथम, अमन बिश्नोई द्वितीय व हर्ष तृतीय।

हाई जंप (महिला वर्ग में) : पूजा प्रथम, आविशी द्वितीय व मानसी बिश्नोई तृतीय।

शॉटपुट (महिला वर्ग में) संगीता प्रथम, ज्योति द्वितीय व मानसी बिश्नोई तृतीय।

सैक रेस (महिला वर्ग में) : ज्योति प्रथम, आविशी द्वितीय व रिया तृतीय।

डिस्कस थ्रो : रवि गौतम प्रथम, विनय कुमार द्वितीय और अजय तृतीय।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 07.03.25 | 2 | 1-4 |

# हकृवि में 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट शुरू

हिसार, 6 मार्च (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा किया जा रहा है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि दो दिवसीय इस एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद व ऊंची कूद, जैवलिन थ्रो सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। प्रतियोगिता के 800 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग में) मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के छात्र अंकित प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल के मंदीप द्वितीय व विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ (महिला वर्ग में) कृषि महाविद्यालय हिसार की छात्रा प्रीति प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल की अशमीता द्वितीय तथा कृषि महाविद्यालय हिसार की कामना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

| | |
|---|---|
| | **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय** |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 06.03.25 | -- | -- |

# 800 मी. पुरुष में अंकित व महिला वर्ग में प्रीति अव्वल

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की 52वीं वार्षिक एथलैटिक प्रतियोगिता का गिरी सेंटर में हुआ आगाज





सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की 52वीं वार्षिक एथलैटिक प्रतियोगिता का गिरी सैंटर में आज आगाज हुआ जिसमें कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है, जिससे हमारा सर्वांगिण विकास होता है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों में अनुशासन एवं भाईचारे की भावना कायम होती है। खेलों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में चुनौतियों का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत करके ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ मदन खिचड़ ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जा रहीं हैं।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन के परिणाम इस प्रकार रहे

800 मीटर पुरुष रेस में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के छात्र अंकित प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल के संदीप द्वितीय व विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर महिला रेस में कृषि महाविद्यालय हिसार की प्रीति प्रथम, कृषि महाविद्यालय बावल की अशमीता द्वितीय तथा कृषि महाविद्यालय हिसार की कामना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष हाई जंप में कृषि महाविद्यालय हिसार का समीर प्रथम, कृषि महाविद्यालय कौल का अमन बिश्नोई द्वितीय व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय का हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला हाई जंप में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा पूजा प्रथम, कृषि महाविद्यालय हिसार की आविशी द्वितीय व कृषि महाविद्यालय हिसार की मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रहीं। महिला शॉटपुट में कृषि महाविद्यालय हिसार की संगीता प्रथम, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की ज्योति द्वितीय व कृषि महाविद्यालय हिसार की मानसी बिश्नोई तृतीय स्थान पर रहीं। महिला सैक रेस में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की ज्योति प्रथम, कृषि महाविद्यालय हिसार की आविशी द्वितीय व कृषि महाविद्यालय बावल की रिया तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष डिस्कस थ्रो में कृषि महाविद्यालय हिसार का रवि गौतम प्रथम, कृषि महाविद्यालय कौल का विनय कुमार द्वितीय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का अजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। मंच का संचालन सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 07.03.25 | 2 | 1-2 |

# हकृवि ने गांव मुकलान में लगाया एन.एस.एस. शिविर

हिसार, 6 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव मुकलान में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने स्वयंसेवकों से समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करना, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र दुहन ने भी शिविर के दौरान अपना संपूर्ण योगदान दिया। गांव के सरपंच राजेश जाखड़ ने अपने अनुभवों को व्यक्त करते हुए स्वयसेवकों का मार्ग दर्शन किया और उनको जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियां में पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



*मंच पर उपस्थित कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य*

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक ट्रिब्यून | 07.03.25 | 8 | 1-2 |

## हकृवि ने मुकलान में लगाया एनएसएस शिविर



हिसार के राजकीय विद्यालय में पौधारोपण करते कुलपति बीआर काम्बोज व अन्य। -हप्र

**हिसार (हप्र) :** चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव मुकलान में 7 दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के समापन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि रहे जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति ने स्वयंसेवकों से समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरी है। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पौधारोपण करके स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मदन खीचड़ ने स्वयंसेवकों से कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। प्रधानाचार्य नरेंद्र दुहन ने भी शिविर के दौरान अपना संपूर्ण योगदान दिया। सरपंच राजेश जाखड़ ने स्वयंसेवकों का मार्ग दर्शन किया और उनको जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 07.03.25 | 12 | 2-3 |

## स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरी: प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव मुकलान में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने स्वयंसेवकों से समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करना, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति



हिसार। पौधरोपण करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य अधिकारी।

जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरी है। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पौधरोपण करके स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र दुहन भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 07.03.25 | 2 | 1-2 |

## मुकलान में लगाया एनएसएस शिविर



हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने गांव मुकलान में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया। शिविर के समापन पर एचएयू के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने स्वयंसेवकों से समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। विद्यालय प्रधानाचार्य नरेंद्र दुहन ने भी शिविर के दौरान अपना संपूर्ण योगदान दिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 07.03.25 | 5 | 3-4 |

# स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरी : प्रो. काम्बोज

हिसार, 6 मार्च (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव मुकलान में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने स्वयंसेवकों से समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करना, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरी है। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पौधारोपण करके स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र दुहन ने भी शिविर के दौरान अपना संपूर्ण योगदान दिया। गाँव के सरपंच राजेश जाखड़ ने अपने अनुभवों को व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों का मार्ग दर्शन किया और उनको जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियां में पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, डॉ. भगत सिंह, डॉ. चंद्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. विजया, डॉ. कन्नौज, डॉ. आदेश भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 07.03.25 | 4 | 7-8 |

## कुलपति कांबोज ने किया पौधरोपण

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से वीरवार को गांव मुकलान में लगाए गए सात दिवसीय शिविर का वीरवार को समापन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज मुख्य अतिथि रहे जबकि, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति प्रो. कांबोज ने कहा कि स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरी है। उन्होंने पौधरोपण भी किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र दूहन ने भी शिविर के दौरान अपना संपूर्ण योगदान दिया। गांव के सरपंच राजेश जाखड़ ने भी छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, डॉ. भगत सिंह, डॉ. चंद्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. विजया, डॉ. कन्नौज, डॉ. आदेश भी उपस्थित रहे। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 07.02.25 | 2 | 1 |

## स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरी: काम्बोज

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की तरफ से गांव मुकलान में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के समापन पर कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने स्वयंसेवकों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 06.03.25 | -- | -- |

## स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरीः प्रो. बी.आर. काम्बोज

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव मुकलान में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने स्वयंसेवकों से समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करना, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना विकसित करना जरूरी है। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पौधारोपण करके स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र दुहन ने भी शिविर के दौरान योगदान दिया।